## खबर संक्षेप

### आज की हड़ताल जिले में रहेगी प्रभावी : गुर्जर

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ ने दावा किया है कि 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का करनाल में पूर्ण प्रभाव देखने को मिलेगा। बुधवार को जिला प्रधान सुशील गुर्जर और जिला सचिव सेवाराम बड़सर के नेतृत्व में कर्मचारियों के जत्थे शहर के सरकारी कार्यालयों में पहुंचे और कर्मचारियों से हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

### सोशल मीडिया के प्रभावों से कराया अवगत

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक व दो की ओर से डिजिटल साक्षरता विषय पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। पांचवें दिन की शुरुआत प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में योग व ध्यान अभ्यास से हुई, जिसका उद्देश्य स्वयंसेवकों को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाना रहा। डा. सरोज चावला, सेवानिवृत प्राचार्या ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर व्यावहारिक व्याख्यान दिया।

### श्री शिव महापुराण कथा से गूंजा मंदिर परिसर

**करनाल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में काछवा के श्री कृष्णा मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास दीपमाला जी कथा के माध्यम से शिव महिमा का बखान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य जागृत हो जाता है तथा सभी पापों से मुक्ति और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि महादेव को सत्य और निष्ठा प्रिय है।

### फाल्गुण महोत्सव की तैयारियां तेज

**करनाल।** श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्री खाटू श्याम मंदिर, पुरानी अनाजमंडी में 12 दिवसीय श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। मंडल के सदस्य व श्याम प्रेमी दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। मंडल की टीम ने सालासर धाम जाकर श्री बालाजी महाराज और खाटू श्याम धाम सीकर में श्याम बाबा को भावपूर्ण निमंत्रण दिया। 18 फरवरी से 1 मार्च तक प्रतिदिन देशभर से आमंत्रित गायक श्याम बाबा का संकीर्तन करेंगे और प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जिला नगर योजनाकार की टीम ने की तोड़फोड़ कार्रवाई

# तीन अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**करनाल।** अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करता पीला पंजा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी रहा मौजूद

जिला नगर योजनाकार करनाल की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से करनाल क्षेत्र में तीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की अगुवाई में की गई।

पहली अवैध कॉलोनी करनाल-बाजीदा रोड पर स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग एक एकड़ था। इस कॉलोनी में बनी सभी पक्की सड़कों को ध्वस्त कर दिया गया। दूसरी अवैध कॉलोनी ब्रह्मानंद चौक-घोघड़ीपुर रोड पर स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग ढाई एकड़ था। इस कॉलोनी में सभी डीपीसी, एक निर्माणाधीन मकान तथा सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। तीसरी अवैध कॉलोनी घोघड़ीपुर रोड पर स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग साढ़े तीन एकड़ था। इस कॉलोनी में बनी सभी छह डीपीसी, दो निर्माणाधीन मकान, सीवरेज नेटवर्क तथा सभी पक्की सड़कों को ध्वस्त कर दिया गया। जिला नगर योजनाकार करनाल द्वारा लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है।

अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ लगातार प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आम जनता को समय-समय पर सचेत किया जा रहा है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट न खरीदें। प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

### इग्नू ने 2026 सत्र के लिए एमबीए में प्रवेश शुरू किए

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र के लिए मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश शुरू कर दिए हैं। यह पाठ्यक्रम प्रबंधन अध्ययन विद्यालय द्वारा खुली एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से संचालित किया जाएगा। क्षेत्रीय निदेशक धर्मपाल ने बताया यह एमबीए पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री है, जिसे अनुभवी प्रबंधन विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। यह पाठ्यक्रम नए स्नातकों और कार्यरत पेशेवरों दोनों के लिए उपयोगी है, जो अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं। पाठ्यक्रम में अद्यतन अध्ययन सामग्री, उद्योग आधारित विषयवस्तु और बहुभाषी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी, हिंदी और ओडिया रहेगा। यह पाठ्यक्रम दो वर्ष की अवधि का होगा।

■ उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार पाठ्यक्रम

व्यवसाय प्रशासन, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, निर्माण प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा एवं अस्पताल प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, रसद एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, विपणन प्रबंधन और संचालन प्रबंधन। उम्मीदवार के पास न्यूनतम तीन वर्ष की स्नातक डिग्री होनी चाहिए, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 50 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

### अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

# महापौर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर मौके पर किया समाधान

■ रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में की जन सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनती महापौर रेनू बाला गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें लिखित रूप में और मोबाइल नंबर के साथ कार्यालय में लाएं, ताकि समाधान के बाद फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने निगम इंजीनियरों को सड़कों के गड्ढे भरने, सीवरेज चौक, बरसाती पानी की पाइप लाइन, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रॉपर्टी आईडी में डाटा दुरुस्त करने के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी आपत्ति आरटीएस से बाहर नहीं जानी चाहिए और निर्धारित समय सीमा में ही आपत्ति का निस्तारण किया जाए।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने उपाध्याय की मनाई पुण्यतिथि

**करनाल।** देश भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी को समर्पण दिवस के रूप में बुथ स्तर पर मनाई गई। इसी कड़ी में बुधवार को मधुबन मण्डल के कालरों मुबारकबाद शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनाई पुण्यतिथि। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का संकल्प भी लिया। शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट ने कार्यकर्ताओं को कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में तत्पर रहे। प.दीनदयाल जी अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे।

## खबर संक्षेप



### सर्विस लेन की मांग पर किसानों का धरना छठे दिन भी जारी

**करनाल।** करनाल में निर्माणाधीन रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का धरना बुधवार को छठे दिन में प्रवेश कर गया। किसानों ने साफ कहा कि जब तक सर्विस लेन की सुविधा नहीं मिलती, आंदोलन समाप्त नहीं होगा। धरने की अध्यक्षता कर्ण कालिया रांवर ने की। बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे और एनएचएआई तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि लिखित समझौतों और आश्वासनों के बावजूद मांग पूरी नहीं की गई। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। धरनास्थल पर जागीर सिंह, पाला राम कश्यप, भीम सिंह, सतीश कांबोज, बलकार सिंह, प्रकाश देशवाल, वेदपाल, सलामुद्दीन, जोगिंद्र सांगवान, हाकम सिंह, किरण पाल शर्मा, विनोद कुमार, विक्रम शर्मा, दया सिंह काजल, सतपाल शर्मा, अनिल

### सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ

**घरौंडा।** राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में 11 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाले सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का शुभारंभ भव्य उद्घाटन सत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र नागिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज पिहोवा के सेवानिवृत प्रोफेसर अजय मोहन शर्मा उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के दौरान प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र नागिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और चरित्र निर्माण की भावना विकसित करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे नशामुक्ति, साइबर अपराध और ट्रैफिक नियमों जैसे गंभीर सामाजिक विषयों के प्रति स्वयं जागरूक रहें और समाज को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि देश का सुनहरा भविष्य युवाओं की सोच और कर्म पर निर्भर करता है। मुख्य अतिथि अजय मोहन शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को "स्वयं से पहले आप" के आदर्श वाक्य को आत्मसात करने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और निस्वार्थ सेवा के माध्यम से ही राष्ट्र निर्माण संभव है।

■ दूसरों को भी जागरूक करने का स्वयंसेवकों से आह्वान

### महाशिवपुराण कथा में उमड़ा शिव भक्ति का सागर



**करनाल।** गांव सगा में चल रही महाशिवपुराण कथा के दौरान बुधवार को कथा व्यास महाराज रसिक जी बिहारी ने श्रद्धालुओं को महाशिवपुराण के महत्व और भगवान शिव की महिमा से अवगत कराया। उन्होंने कार्तिकेय एवं श्री गणेश के जन्म तथा तारकासुर वध जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण, सरल और प्रेरणादायक वर्णन किया, जिससे श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि महाशिवपुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, भक्ति, सदाचार और संयम के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव तप, त्याग और करुणा के प्रतीक हैं और उनकी आराधना से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। कार्तिकेय के जन्म प्रसंग के माध्यम से धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश का संदेश दिया गया, वहीं श्री गणेश के अवतरण से यह सीख मिली कि किसी भी शुभ कार्य से पहले विघ्नहर्ता का स्मरण करना चाहिए।

### अमेरिका-यूरोप ट्रेड समझौते से भारत के चावल उद्योग को मिलेगा बड़ा लाभः देवेंद्र सिंगला

**तरावड़ी।** ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्ट एसोसिएशन की ओर से उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रतिनिधि देवेंद्र सिंगला एवं संजय गुप्ता ने अमेरिका और यूरोप के बीच हुए आपसी ट्रेड समझौते का स्वागत करते हुए इसे भारत के चावल उद्योग और किसानों के लिए लाभकारी बताया। देवेंद्र सिंगला ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच व्यापारिक समझौता होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापारिक स्थिरता आएगी, जिसका सीधा लाभ भारत के बासमती चावल निर्यातकों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा, विशेषकर तरावड़ी और आसपास का क्षेत्र, बासमती चावल उत्पादन और निर्यात के लिए विश्वभर में पहचान रखता है। ऐसे में वैश्विक व्यापारिक माहौल बेहतर होने से निर्यात के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका और यूरोप के बीच टैरिफ और व्यापारिक बाधाएं कम होती हैं तो भारतीय चावल की मांग में वृद्धि होगी। इससे निर्यातकों को बेहतर कीमत मिलेगी और उसका लाभ किसानों तक भी पहुंचेगा। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की सराहना करते हुए देवेंद्र सिंगला एवं संजय गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार निर्यात को बढ़ावा देने और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### एनएसएस शिविर में योग पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन का महत्व बताया





**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश रंगा (यूनिट–1) एवं डॉ. करमजीत कौर (यूनिट–2) के संयोजन में यह दिवस आत्मिक शुद्धता, पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों को समर्पित रहा। प्रातः सत्र में एनडीआरआई से पधारे वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने सहजयोग ध्यान व योग अभ्यास करवाया। उन्होंने मानव शरीर के सात चक्रों—मूलाधार से लेकर सहस्रार तक—के महत्व को सरल भाषा में समझाया। नगर निगम करनाल से ट्रिगर मास्टर गुरदेव सिंह ने प्लास्टिक प्रदूषण, नैनो-पार्टिकल्स और कचरा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद कुमार, विश्वविद्यालय समन्वयक एनएसएस ने स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों पर प्रेरित किया। डॉ. कंवर भान, भूगोल विभाग ने आपदा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं।

## आयुष विभाग ने कार्यक्रम में योग और स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया जोर

■ डी.ए.वी महिला महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** डी.ए.वी महिला महाविद्यालय में आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्र अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

डॉ. गणेश दास डी.ए.वी महिला शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में आज आयुष विभाग करनाल द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश संधू ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्र अध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र अध्यापिकाओं ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आधुनिक युग में छात्राओं को भविष्य में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश संधू ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी को अपने दैनिक जीवन में योग एवं प्राणायाम को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद भाषण के साथ किया गया।

## जापान विवि के प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय का दौरा किया

■ अनुसंधान और तकनीकी सहयोग को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



बुधवार को जापान के कोच्चि विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ. इशिजुका शातोसी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल का दौरा किया। विश्वविद्यालय पहुंचने पर माननीय कुलपति प्रोफेसर सुरेश मल्होत्रा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

कुलपति प्रोफेसर सुरेश मल्होत्रा ने जापानी प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय की अनुसंधान, शैक्षणिक और विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौता ज्ञापन के तहत चल रहे परियोजनाओं को अंतिम रूप देने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि इंटरनेट ऑफ पौध प्रणाली और कीट नियंत्रण संबंधी परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, किसानों तक नवीन तकनीकों की पहुंच, उन्नत किस्मों के पौधे व बीज, तथा ज्ञान के आदान-प्रदान जैसे विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया।

#### किसानों को होगा लाभ

कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के उप कुलपति डॉ. इशिजुका शातोसी ने कहा कि प्रोफेसर सुरेश मल्होत्रा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई तकनीकों को बढ़ावा दे रहा है, जिसका लाभ भविष्य में भारत के किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बागवानी के क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को देखते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए नई तकनीक और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

### तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का शुभारंभ

**तरावड़ी।** श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार की ओर से अनाज मंडी तरावड़ी में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का आज श्रद्धा और उत्साह के बीच भव्य शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग स्थल पर पहुंचे और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के श्रीमुख से गीता ज्ञान का अमृतपान किया। सत्संग के शुभारंभ अवसर पर हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा नेता बृज गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में श्रीमद्भगवद गीता के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि गीता केवल धार्मिक

### भारत-अमेरिका कृषि व्यापार

# आज अपने खेतों में जाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने किसानों से आह्वान किया है कि वे 12 फरवरी को दोपहर बाद अपने-अपने खेतों पर पहुंचकर हमारा खेत, हमारा अधिकार अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन करें।

रतनमान ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौता किसानों के हितों के खिलाफ है और इसे किसानों की सहमति के बिना स्वीकार नहीं किया जा सकता। विरोध स्वरूप किसान अपने खेतों पर भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता लिखी पर्चियां जलाकर रोष व्यक्त करेंगे। यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित होगा।

यह आंदोलन केवल एक दिन का नहीं बल्कि किसानों की जागरूकता और अधिकारों की रक्षा का व्यापक अभियान है। सभी जिला एवं ग्राम इकाइयों को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हमारा खेत, हमारा अधिकार केवल नारा नहीं बल्कि किसानों की अस्मिता की आवाज है।

मंचन | महाशिवरात्रि पर सांग उत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# रामलीला मैदान में हीर-रांझा सांग ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** डीएवी महिला महाविद्यालय में डिजिटल साक्षरता शिविर जारी।

श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में बुधवार को सर्वाधिक चर्चित हीर-रांझा सांग का सुंदर मंचन किया गया। सांगी विष्णु पहलवान और उनकी टीम ने सांग के माध्यम से हीर-रांझा की अमर प्रेम गाथा को जीवंत कर दिया। यह प्रेम कथा पंजाब की चार प्रसिद्ध प्रेम कथाओं में से एक है, जबकि मिर्जा-साहिबा, सस्सी-पुन्नु और सोहनी-महिवाल अन्य प्रमुख कथाएं हैं। सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 13 फरवरी को रामलीला मैदान में दिन में रागिनी प्रतियोगिता और रात को श्री शिव विवाह का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसके लिए हरिद्वार से कलाकारों की टीम को आमंत्रित किया गया है। वहीं श्री शिव मंदिर सर्राफा बाजार से प्रतिदिन प्रभातफेरी भी निकाली जा रही है।

#### अभिमान त्यागें, शिव आराधना करें

सत्यनारायण मंदिर, हनुमान गली में चल रही शिव पुराण कथा में आचार्य मिथलेश नंदन ने कहा कि शिव महापुराण कथा मनुष्य के जीवन से चंचलता दूर कर उसे मानसिक, शारीरिक और आर्थिक संकटों से मुक्त करती है। उन्होंने कहा कि जैसे उपवास में अन्न-जल का त्याग किया जाता है, वैसे ही अभिमान का त्याग करने से मानसिक विकार समाप्त होते हैं।

#### ये रहे मौजूद

रमेश जिंदल, महेंद्र गुप्ता, बी.बी. गुप्ता, बालकिशन शर्मा, गौरव गर्ग, राजन गर्ग, विजय अग्रवाल, अमित भाटिया, अमरजीत मित्तल, अंकुर, मन्नी जायसवाल, कुलभूषण, ओमप्रकाश, संजू, संजय, लवली, बाबू, संजीव, गौरव, पूनम, रोशनी, मनीषा, रेखा, जयभगवान, हुकम व बबल अलबेला मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नवाचार पर जोर

■ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





एनएसएस शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। अधिकारी अनीता जून ने नवाचार एवं सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी, जबकि डॉ. टी. आर. मुद्गिल ने तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता को विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर रेड क्रॉस के संयोजक डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. रेखा, डॉ. रमा, डॉ. टीना, डॉ. मीनू, डॉ. मनीषा, वीरेंद्र, दीपक सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कैंप में 1000 से ज्यादा का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** हरियाणा के भरोसेमंद रियल एस्टेट डेवलपर इम्पीरियम समूह ने इम्पीरियम सिटी में पार्क अस्पताल के सहयोग से मेडिल कैंप का आयोजन किया। जिसमें एक हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया। कैंप में पार्क अस्पताल के न्यूरोसर्जन, पीडियाट्रिशियन, ऑर्थोपेडिक सर्जन और गायनेकोलॉजी ने नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा। वहीं, इम्पीरियम समूह के संस्थापक व निदेशक रवि सौंद ने कहा इम्पीरियम समूह के द्वारा जनता की निष्कम सेवा का आगे भी जारी रहेगी।

### खेतों से सामान चुराने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** खेतों से ट्यूबवेल की केबल व स्टार्टर चोरी करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी तुलसीदास निवासी गांव खोजकीपुर ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। वहीं, थाना बापौली पुलिस ने तुलसीदास को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। थानेदार बापौली वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी तुलसीदास ने खोजकीपुर कला निवासी अजीत, रणवीर व बलजीत के साथ मिलकर गांव रायमाल रमाल के खेतों से 12 ट्यूबवेल की केबल चोरी की थी।

### बाइक सवार बदमाशों ने सोने का लॉकेट छीना

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना क्षेत्र के फरीदपुर रोड पर बाइक सवार चार बदमाशों ने दस फरवरी की दोपहर, फैक्ट्री ड्यूटी पर जा रहे रवि निवासी गांव खजुमा जिला गोंड, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांव फरीदपुर जिला पानीपत से उसका सोने का लॉकेट छीन लिया और फरार हो गए। इधर, रवि की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

पानीपत। जिला सचिवालय में वीरवार को सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और बैठक में रखी जाने वाली शिकायतों को सुनेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने दी।

### प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में स्थापना दिवस मनाया

**पानीतप।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में दसवें स्थापना दिवस पर वार्षिक खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में हरपाल ढांडा, विकास शर्मा (एमडी) पीयुसीबी बैंक, राजेंद्र शर्मा प्रेजीडेंट ऑफ स्कूल एसोसिएशन, नीलम, वंदिता मोर टॉपर ऑफ यूजीसी नीट ऑल इंडिया रैंक वन ( एलुमनी टीचर) ने शिरकत की। वहीं, चेयरमैन चांदकरण शर्मा, अंजू गुप्ता, प्रधानाचार्या ममता सचदेवा ने अतिथियों का स्वागत किया। विजेताओं विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

### श्रीराम मंदिर में विधि विधान से पूजन किया

**पानीपत।** चित्रकूट धाम मंदिर परमाअध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित देवनारायण उपाध्याय ने बताया बुधवार को तृतीय दिवस में राम दरबार राधा कृष्ण शिव परिवार दुर्गा जी हनुमान जी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के द्वितीय दिवस में पञ्चशुष्कफलानि अधिवास तथा औषधिअमृताधिवास सम्पन्न हुआ।

### अवैध कालोनियों पर डीटीपी की कार्रवाई

**पानीपत।** डीटीपी की ओर से बुधवार को बड़ी तोड़-फोड़ की कार्रवाई सफलतापूर्वक की गई, जिसमें 1 अवैध स्ट्रक्चर और 5 अवैध कॉलोनियों को, जिनमें 8 बन रहे घर, 20 डीपीसी, पूरा मिट्टी का रोड नेटवर्क, 4 बाउंड्री वॉल और निशान थे। इन सभी को 4 जेसीबी के माध्यम से गिरा दिया गया। इन इलाकों का कुल एरिया लगभग 23 एकड़ है, जो गांव सिवाह, मेहराना, तरफ राजपुतान, सोंधापुर और शोदापुर तहसील पानीपत और मडलौडा जिला पानीपत की रेवेन्यू एस्टेट में है।

## एसडी कॉलेज के वसंतोत्सव में आईओसीएल ओवरआल विजेता घोषित

# इंसान में भी फूलों की तरह दूसरों के लिए समर्पित होने का भाव पैदा हो : राजीव

- एसडीवीएम सिटी ने रनर-अप ट्राफी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में पर्यावरण बचाओ सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित बाहरवें राज्य स्तरीय 'वसंतोत्सव 2026: पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता' का भव्य समापन हो गया। समापन समारोह में बतौर गेस्ट ऑफ़ ऑनर राजीव एका, एस्टेट ऑफिसर, आई.ओ.सी.एल. रिफाइनरी, विनीता तोमर प्राचार्या दयाल सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत और जितेंद्र गुप्ता सीए ने शिरकत की और प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। अति-विशिष्ट मेहमानों में देश बंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज प्राचार्य डॉ सुभाष जागलान, महेश थरेजा, विजेंद्र अत्री, विकास मुट्नेजा, रघुबीर सिंह और संजय तोमर ने कार्यक्रम में शिरकत करके प्रतिभागियों का हौंसला बढाया। जबकि मेहमानों का स्वागत प्रधान दिनेश गोयल, उपप्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रवि कुमार ने पुष्प-रोपित गमलें भेंट करके किया किया।


पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज में वसंतोत्सव में डॉ विनीता तोमर का स्वागत करते प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा।

इधर, राजीव एका ने प्रदर्शनी के माध्यम से कॉलेज ने युवाओं को यह समझाने का प्रयास किया है कि उनका जीवन भी फूलों की तरह नाजुक है और उनमे भी फूलों की तरह दूसरो के लिए समर्पित होने का भाव होना चाहिए। प्राचार्या डॉ विनीता तोमर ने कहा कि फूल हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। फूल खुशहाली का प्रतीक होते हैं और उपवन की रौनक होते हैं। इधर, डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि फूल-पौधे इंसान से कई मायनों में तो इंसान से ज्यादा समझदार है क्यूंकि ये दूसरों के लिए बलिदान देकर भी मुस्कुराते रहते है।


पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में आर्य रणदीप कादियान का स्वागत करते हुए

# विश्व गुरु बनने की राह पर भारत : रणदीप

- भारत को आत्मनिर्भर बनने को देशवासी स्वदेशी उत्पाद अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ बनाई गई। वहीं, जयंती समारोह के मुख्य अतिथि आर्य समाज ख़ैल बाजार के प्रधान राजेश आर्य रहे। जबकि बलराज एलाहाबादी राकेश कादियान, प्राचार्य अशोक आर्य और आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि ऋषि दयानंद ने संसार से अशिक्षा, अंधविश्वास, छुआछूत और आडंबर को समाप्त करने के लिए ही जन्म लिया था। उन्होंने खुलासा किया ऋषि दयानंद के बताएं मार्ग पर चलते हुए विश्व में दस हजार से अधिक आर्य समाज की संस्थाएं वैदिक धर्म की पताका विश्व स्तर पर फहरा रही है। इसके अलावा सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ वैदिक संस्कार देने का कार्य भी बेहतर ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी को अपनाते हुए भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं वैदिक संस्कारों के साथ-साथ बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा देने में अहम भूमिका अदा कर रही है।


पानीपत। श्री श्याम वार्षिक महोत्सव में नवीन भाटिया का स्वागत करते हुए आयोजक।

# जीवन में धर्म का पालन करने से मिलता है सुखः नवीन

- श्री श्याम वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के कप्तान नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में चौथा श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मंगलवार रात को बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भजन गायकों ने भगवान खाटू श्याम के भजनों की अमृत वर्षा की। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और वार्ड पार्षद अशोक कटारिया ने बाबा के आशीर्वाद के साथ गणेश वंदन के कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इधर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा पानीपत एक औद्योगिक नगरी के साथ साथ धार्मिक नगरी भी है शहर में ऐसे कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे लोगों में भगवान के प्रति आस्था बढ़ती है और लोग श्याम बाबा के आशीर्वाद से दिन रात जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं। श्याम बाबा की महिमा अपरंपार है। इस अवसर पर भाजपा नेता विजय सहगल, हिमांशु वीरमणि, सुमित त्यागी, विक्की बत्रा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रिफाइनरी ने 96 दिव्यांगों को आधुनिक ट्राई साइकिलें भेंट कीं


पानीपत। रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एमएल डहरिया, दिव्यांगों को ट्राई साइकिलें भेंट करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के जरूरतमंद दिव्यांगजनों की मदद करने हेतु इंडियनऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हुए समझौते के तहत कार्यक्रम आयोजित कर 96 मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया। वहीं, एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पीआरपीसी, संजय कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पीआरपीसी, विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, (मानव संसाधन), गौरव, सचिव, जिला पानीपत रेड क्रॉस सोसायटी, पंकज द्विवेदी, एलिम्को ने पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के 96 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायतार्थ मोटर चालित तिपहिया साइकिलें भेंट की। पीआरपीसी ने एलिम्को को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लगभग 64.39 लाख रूपये इस प्रोजेक्ट के लिए प्रदान किए हैं।


पानीपत। भाजपा किसान मोर्चा नेता दिनेश पुजारा का स्वागत करते हुए पार्टी नेता।

# हरियाणा की तरक्की का आधार है किसानः पुजारा

## भाजपा किसानों की निष्काम सेवा में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा ने समालखा विधानसभा का दौरा किया व किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा की। दिनेश पुजारा ने कहा कि भाजपा की हरियाणा की सरकार विकसित हरियाणा विकसित भारत के मूलमंत्र निरंतर सशक्त कर रही है।

किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। पंचायती भूमि पर बीस वर्ष पुराने बने 500 वर्ग गज के मकानों का मालिकाना हक, हरियाणा गठन से पहले की शामलात भूमि पर काबिज कृषक पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक देना,134 करोड़ का बकाया आबियाना माफ करना। सभी 24 फसलों पर सर्वाधिक एमएसपी देना , 48 घंटों के भीतर किसानों को फसलों का भुगतान शामिल है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सुभाष कुहाड व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल बैनीवाल, अजनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आरक्षण नहीं मिलने तक चुप नहीं बैठेगी जाट बिरादरी : प्रताप

## अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक हुई

- हमारा दायित्व है कि हम शहिदों के संघर्ष को न भूलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जब तक जाटों को आरक्षण नहीं मिलेगा जाट आरक्षण में शहीद होने वाले उन 22 शहीदों की आवाज बुलंद रहेगी। हमारा दायित्व बनता है कि हम उनके संघर्ष को ना भूलें। यह बात अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने गांव नौल्था की बाबा लाठे वाली गौशाला में जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि जाट आरक्षण में जो 22 परिवारों के युवा शहीद हुए हम उन शहीदों को यादगार बनाने के लिए एक प्रदेश स्तरीय मान सम्मान समारोह आयोजित कर रहे हैं। जिसमें उन परिवारों को सम्मानित किया जाएगा।


पानीपत। अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक में मौजूद पदाधकारी।

जिसके परिवारों के युवा जाट आरक्षण में शहीद हुए हैं। उन्होंने बताया कि नौल्था में बाबा लाठे वाली गौशाला में 22 फरवरी को एक प्रदेश स्तरीय शहीद मान सम्मान समारोह हो रहा है। उन्होंने कहा कि जाट समाज जब तक चुप नहीं रहेगा जब तक उनको आरक्षण नहीं मिल जाता।

इस अवसर पर मा.धर्मपाल कैत, राजेश मलिक, रामकुमार जागलान, राजसिंह आर्य, कर्ण सिंह, सूरज भान, चन्द्र सिंह जागलान, प्रदीप जागलान, राजबीर घनगस, दिलावर सिंह मांडी आदि उपस्थित रहे।

### कैंसर के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, गृह विज्ञान विभाग एवं रोटरी क्लब रेनबो पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ब्रैस्ट और सर्वाइकल कैंसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ब्रैस्ट और सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक करना, शुरुआती लक्षणों की पहचान कर उनकी रोकथाम करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने डॉ.शुभांजलि, डॉ.वंदना पाहुजा, मनमोहन अग्रवाल आदि ने भगा लिया।

### एलएसबीटी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

पानीपत। पानीपत के सौंधापुर स्थित एलएसबीटी स्कूल में सोशल साइंस एवं मैथ्स एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। एग्जीबिशन का स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र सैनी, प्रिंसिपल आशा सैनी ने शुभारंभ किया।

# करंट से मरे नौकर का शव सड़क पर फेंक कर फरार हुआ कबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में जीटी रोड पर गोशाला के पास ओमी नामक कबाडी की दुकान में काम करने के दौरान लखन निवासी जगजीवन राम कालोनी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वहीं, कबाडी ओमी ने लखन के शव को घसीट कर दुकान से बाहर सडक पर डाल दिया और दुकान का शटर गिरा कर अज्ञात स्थान पर चला गया। इससे पहले ओमी ने लखन के परिजनों के मोबाइल फोन पर सूचना दी कि लखन को बिजली का करंट लग गया है। इधर, परिजन, मौके पर पहुंचे और लखन के जिंदा होने की आस लेकर उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने लखन को मृत घोषित कर दिया। इधर, परिजनों की सूचना पर पुलिस ने सिविल अस्पताल पहुंच कर लखन के शव की जांच की और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा दिया। इधर, पुलिस ने घटनास्थल जांचा।

### फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने किया कन्यादान

**पानीपत।** पानीपत फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा अपनी बेटी कन्यादान योजना के तहत प्रधान बलविंदर सिंह नायक, खजांची प्यारेलाल कोहली, सचिव रविंद्र सैनी, सहसचिव मोहन लाल प्रजापति, अमित भातटीवान, कुलदीप प्रजापति, सुभाष दीक्षित, साहब सिंह रावल, सुनील दत्त, लेखराज व अन्य मेंबरों द्वारा मोनू वर्मा ड्रोन की बेटी को कन्यादान में 11000 रुपए का चेक कन्यादान के रूप में भेंट किया।

### उपाध्याय को नमन किया

**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। वहीं, उपाध्याय के जीवन पर संगोष्ठि का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व विधायक डा पवन सैनी, जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, संजय त्यागी, नवीन भाटिया अदि ने भाग लिया। भावना जैन, नरेश बेनीवाल, आर डी कल्याण, ज्योति शर्मा, संजीव दहिया आदि ने भाग लिया।

**सूचना**

मैं, मीना पत्नी श्री रोहताश निवासी मकान नंबर-856, गीता कालोनी, नूरवाला, वार्ड नंबर-2, पानीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक व पुत्रवधु सोनिया मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**श्री नवीन जिंदल पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी 1318-पी, सैक्टर 13-17, हुडा, पानीपत।**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन जिंदल पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी 1318-पी. सैक्टर 13-17. हुडा, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री रमेश कुमार पुत्र श्री कपूर चन्द का देहान्त दिनांक 21-01-2025 को हो चुका है व श्रीमति परमेश्वरी देवी का देहांत काफी अरसा पहले हो चुका है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हलका पटवारी तथा अनिता रानी परुथी, नगर निगम पार्षद वार्ड 01 पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-

1. दर्शन देवी (पत्नी) 2. नवीन जिंदल (पुत्र) 3. प्रवीन जिंदल (पुत्र) 4. पूजा गुप्ता (पुत्री) कुल (04) जायज वारिस हैं।

इनके अलावा मृतक स्व० श्री रमेश कुमार का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**अभियान** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मेगा पौधरोपण अभियान चलाया

### देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज रंग-बिरंगे फूलों से महकेगा

# वातावरण शुद्ध होने के साथ विद्यार्थियों के लिए अध्यन का केंद्र बनेगा कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मेगा पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने की। वहीं नमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के नेतृत्व में 100 से अधिक विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे इको क्लब के पर्यावरण प्रहरियों के सहयोग से रोपित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में फूलों के पौधे रोपित किए जाएंगे। प्रिंसिपल डॉ सुभाष चंद्र जागलान ने कहा कि लगाए जा रहे पौधों से आने वाले समय में महाविद्यालय का वातावरण न केवल शुद्ध और स्वच्छ बनेगा, बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और शोध का एक उत्कृष्ट केंद्र भी बनेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार द्वारा एक नई सामाजिक पहल "श्रमदान अभियान" की भी विधिवत शुरुआत की गई। वहीं, प्राचार्य प्रो. जागलान ने कहा कि ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनका यह समर्पण विद्यार्थियों और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान पालेराम, अनिल माली, राकेश, अमित सहित इको क्लब के विद्यार्थियों ने पौधारोपण अभियान में भाग लिया।


पानीपत। राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों को पौध बांटते ग्रीनमैन प्रो .दलजीत। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस ने दीपक को बनाया महासचिव



**पानीपत।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण की कार्यकारिणी की घोषणा की है। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण की कार्यकारिणी में चौधरी दीपक सिंह खटकड को जिला महासचिव (संगठन) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, रजनीश छौक्कर, जगदीश जांगडा,बलवान वाल्मीकि व प्रमिला को जिला उपाध्यक्ष और सुरेंद्र अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। गुरविंद्र सिंह, यशपाल अहलावत, जयभगवान राठी, फारूक नरवाल,नरायण दत्त शर्मा, विकास कुमार, राजेश शर्मा व सुनीता रानी को महासचिव नियुक्त किया गया। इधर, दीपक ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए वे फील्ड में कठोर परिश्रम करेंगे।

